




डाक पंजीयन क्र. L/ RNP/म.प्र./ मन्दसौर/122/ 2024- 26

ई-पेपर www.guruexpress.live

बात आपकी, शब्द हमारे

# गुरु एक्सप्रेस

सुबह का अख़बार

संपादक – आशुतोष नवाल

वर्ष 19 | अंक 46 | पृष्ठ 4 | मन्दसौर | गुरुवार 28 नवम्बर 2024 | मूल्य 2 रुपया



## उठावना



जोगेंद्र सिंह तोमर, राजकुमार सिंह तोमर, अजय सिंह तोमर के बड़े भैया और घनश्याम सिंह तोमर के पिताजी

**ठाकुर हरिओम सिंह जी तोमर**

का स्वर्गवास दिनांक 26.11.2024 मंगलवार को हो गया था जिनका **उठावना**

**28.11.2024 गुरुवार को प्रात: 11:00 बजे रखा गया है।**

स्थान-बालागंज शिक्षा विभाग (सुबात)


# दलालों के साथ उड़ रहे जाम...!

## अधिकारियों की साठगांठ, बस मालिकों को अभयदान

### शहर में आ रही टूरिस्ट बसें, सवारी कम माल लदान ज्यादा

**मंदसौर, 27 नवंबर गुरु एक्सप्रेस।** इन दिनों सबसे ज्यादा चर्चाओं में है तो वह है परिवहन विभाग। इस विभाग में एक कर्मचारी विभाग का ही दलाल बनकर आरटीओ के दलालों के साथ जाम उड़ा रहा है। शाम ढलते ही पुराने आरटीओ के पास न सिर्फ महफील जमती है, बल्कि हिसाब किताब भी होता है। इस बात का उल्लेख इसलिए करना पड़ रहा है कि इस तरह के कृत्य से ही परिवहन विभाग की स्थिति का पता लगाया जा सकता है। इधर अधिकारियों की सांठगांठ से बस मालिकों के हौसले बुलंद है। टूरिस्ट परमिट व अन्य परमिट की नान स्टाप बसें भी धड़ल्ले से शहर में घुस रही है और सभी मुख्य मार्गो पर खड़ी रहकर यातायात बाधित कर रही है। जबकि, उनको बायपास से ही निकलना चाहिए। इसके अलावा कुछ बसें तो बिना परमिट ही चल रही है। जगह-जगह बुकिंग स्टाल खुल गए है और बसों में सवारियां कम और सामान ज्यादा अपलोड हो रहा है। परिवहन विभाग की मिलीभगत से सड़को पर दौड़ रही बसों को रोकने के लिए कोई उपाय नहीं किए जा रहे हैं। जबकि, थोड़े-थोड़े समय के अंतराल में चल रही बसों के चालक भी समय कवर करने के चक्कर में शहर के अंदर भी तेज गति से बसे चला रहे हैं।

जिले में अधिकांश बस मालिक एक दो बस का परमिट लेकर ज्यादा बसे चला रहे हैं। टूरिस्ट परमिट के नाम पर चल रही बसों को जहां से चल रही है वहां के बाद सीधे गंतव्य पर रुकना चाहिए। पर नीमच, भीलवाड़ा, चित्तौड़गढ़, उदयपुर, जोधपुर, अजमेर, जयपुर तरफ से लगातार आने वाली बसें हर छोटे-बड़े स्टाप पर रुक रही है और शहर की प्रमुख सड़कों पर बने बुकिंग सेंटर पर खड़ी रहती हैं। इनको माल लोडिंग-अनलोडिंग की भी अनुमति नहीं है इसके बाद भी बसों में सवारी से ज्यांदा सामान भरकर लाया जा रहा है। सामान उतारने व चढ़ाने के चक्कर में आधे से एक घंटे तक सड़को पर यातायात बाधित भी होता रहता है। अधिकांश बस संचालकों के पास बसे खड़ी करने की



भी जगह नहीं है। फिर भी वह निजी बसे चला रहे हैं और सड़कों पर या अन्य. सरकारी जमीन पर सामान उतारने या चढ़ाने में उपयोग कर रहे हैं।

**बायपास से निकलना चाहिए सभी बसें...**

सुबह से रात तक टूरिस्ट परमिट के नाम पर चलने वाली बसे महू-नीमच राजमार्ग पर जगह-जगह बने बुकिंग सेंटर के आस-पास खड़ी ही रहती है। शाम होने के बाद से इनके आने की संख्या भी बढ़जाती है। जबकि, इनको परमिट जहां से प्रारंभ होती है वहां से सीधे गंतव्य तक जाने का ही मिलता है। इसके बाद भी रास्ते में जगह-जगह सवारी तो बैठाते उतारते ही है। सामान भी उतारते-चढ़ाते रहते हैं। इन सभी बसों के मंदसौर शहर में प्रवेश की अनुमति भी नहीं है। पर सभी बसे शहर में आ रही हैं। परिवहन विभाग के अधिकारी-कर्मचारी भी इन्हे देखते हैं, पर कार्रवाई कुछ नहीं होती है।

**दूसरे राज्यों की बसें चल रही जिले में...**

जिले में कई बस मालिक तो ऐसे भी है जो परमिट वाली बस की जगह दूसरे राज्यों में पंजीकृत बसे चला रहे हैं। लोगों से निर्धारित किराये के बजाय ज्यादा वसूला जा रहा है। मंदसौर से पिपलियामंडी के ही 30 रुपये वसूले जा रहे हैं। नहीं देने पर यात्रियों से बदतमीजी की जा रही है। शिकायत के बाद भी परिवहन विभाग में कोई सुनवाई नहीं हो रही है। मंदसौर जिले में राजस्थान, गुजरात में पंजीकृत बसे भी चल रही है। लेकिन, जिस दिन जांच करना होती है, उस दिन पहले ही बस मालिक को सूचना कर दी जाती है। तो वह बस ही नहीं चलाते हैं।



**क्राईम बैठक**– मंदसौर पुलिस कप्तान ने पुलिस कंट्रोल रूम पर मंदसौर–गरोठ डिवीजन के पुलिस अधिकारियों, थाना व चौकी प्रभारियों की बैठक ली। जिसमें अपराध व अपराधियों पर अंकुश लगाने के साथ ही महिलाओं संबंधित अपराधों के त्वरित निराकरण के साथ ही सभी थाना क्षेत्र में सीसीटीवी कैमरे लगाए जाने के निर्देश दिए।

# पुलिस का आपरेशन जेनेथ:नौ थाना पुलिस ने दस मामलों में जप्त किया 48 लाख का मादक पदार्थ

## दो दर्जन आरोपियों को गिरफ्तार कर जप्त किए करोड़ों के वाहन

**मंदसौर, 27 नवंबर गुरु एक्सप्रेस।** जिला पुलिस के 9 थाना पुलिस ने ऑपरेशन जेनेथ के दौरान एनडीपीएस एक्ट के दस मामले दर्ज किए। इसमें 48 लाख का मादक पदार्थ और करोड़ो रूपए की लक्जरी गाड़ियां बरामद किए गए। करीब एक पखवाड़े तक चले अभियान में पुलिस को यह सफलता मिली है।

पुलिस कप्तान श्री अभिषेक आनंद ने बताया कि पुलिस ने नशे के कारोबार को ध्वस्त करने के लिए ऑपरेशन जेनेथ के तहत कुछ दिनों में तगड़ी कार्रवाई की है। नशे का कारोबार करने वाले अंतर्राज्यीय ड्रग तस्करों पर सर्जिकल स्ट्राईक करते हुए नशें के सौदागरों का नेटवर्क ध्वस्त किया गया है। मंदसौर पुलिस द्वारा विशेष अभियान ऑपरेशन जेनेथ के तहत कार्यवाही के दौरान हेरोईन(स्मैक), एमडीएमए, डोडाचूरा, ऐसेटिक एनहाईड्राईड, सोडियम जैसे अवैध मादक पदार्थ जप्त किए। पुलिस ने कुल 48 लाख के मादक पदार्थ के साथ 24 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई 16 नवंबर से अभी तक की है।

ऑपरेशन के तहत मंदसौर पुलिस के 09 थानों के द्वारा 10 प्रकरणों में प्रभावी कार्यवाही करते 24 मादक पदार्थ तस्करों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 02 किलो 191 ग्राम हेरोईन(स्मैक) कीमत 42 लाख, 221 किलो 20 ग्राम डोडाचूरा कीमत 04 लाख 40 हजार, 60 किलो 700 ग्राम ऐसेटिक एनहाईड्राईड कीमत 01 लाख, 25 किलो 700 ग्राम सोडियम कीमत 8 हजार, 70 ग्राम एमडीएमए कीमत 01 लाख 20 हजार कुल 48 लाख 68 हजार का मादक पदार्थ जब्त किया गया।



मंदसौर पुलिस की कार्यवाही के चलते बिहार, राजस्थान, हरियाणा के मादक पदार्थ तस्करों की गिरफ्तारी से तस्करों में हड़कंप मच गया। कार्यवाही के दौरान कुल 24 नशें के सौदागर गिरफ्तार किए गए। आरोपी तस्करों द्वारा अवैध मादक पदार्थ की तस्करी हेतु करोडों के लक्झरी वाहनों जैसे फॉर्चुनर, रेनॉल्ट, विटारा, बलेनों, स्विट कार का उपयोग किया जा रहा था। पुलिस ने ऐसे ही 05 लक्झरी चार पहिया वाहन तथा 03 दो पहिया वाहन भी किये गये जप्त।

# भ्रष्टाचार के मामलों में अब संबंधित विभाग को चार माह में देनी होगी अभियोजन की स्वीकृति

**भोपाल, 27 नवंबर गुरु एक्सप्रेस।** मध्य प्रदेश में शासकीय सेवकों पर चल रहे भ्रष्टाचार के मामलों में संबंधित विभाग अब अभियोजन की स्वीकृति को लटकाकर नहीं रख सकेंगे। उन्हें चार माह में अभियोजन स्वीकृति देनी ही होगी। केंद्र सरकार ने इसे लेकर राज्यों को निर्देश दिए हैं कि भ्रष्टाचार के मामलों में अभियोजन की स्वीकृति देने में विलंब नहीं होना चाहिए।

कहा गया है कि ऐसे मामलों में चार माह के भीतर आरोपित शासकीय सेवक के विरुद्ध अभियोजन की स्वीकृति दी जाए। इसके आधार पर सामान्य प्रशासन विभाग ने सभी विभाग प्रमुखों को निर्देश दिए हैं कि भ्रष्टाचार के मामले में वैसे तो तीन माह में अभियोजन की स्वीकृति दी जानी चाहिए, पर विशेष परिस्थिति में यह अवधि अधिकतम एक माह बढ़ाई जा सकती है।

**कई मामलो में अभियोजन की स्वीकृति लंबित...**

भारत सरकार के कार्मिक लोक शिकायत और पेंशन मंत्रालय ने सभी राज्यों को इस संबंध में पत्र जारी किया है। बता दें, मध्य प्रदेश में भ्रष्टाचार से जुड़े 274 प्रकरण लोकायुक्त और आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ (ईओडब्ल्यू) में चल रहे हैं। इनमें अधिकतर मामलों में अभियोजन स्वीकृति लंबित है।



**इन विभागो के इतने है आरोपित...**

✻ सामान्य प्रशासन विभाग- 35 ✻ राजस्व - 30 ✻ सहकारिता - 8 ✻ गृह पुलिस - 2 ✻ पीडब्ल्यूडी - 7 ✻ पंचायत एवं ग्रामीण विकास - 18 ✻ वन - 1 ✻ स्वास्थ्य - 10 ✻ नगरीय विकास एवं आवास - 36 ✻ जन जातीय कार्य (आदिम जाति कल्याण) - 3 ✻ वाणिज्यिक कर - 5 ✻ वित्त - 2 ✻ महिला एवं बाल विकास - 3 ✻ स्कूल शिक्षा - 2 ✻ खाद्य नागरिक आपूर्ति - 2 ✻ संसदीय कार्य - 1 ✻ जल संसाधन - 7 ✻ पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण - 2, ✻ श्रम - 1 ✻ पीएचई - 1 ✻ उद्यानिकी - 1 ✻ उच्च शिक्षा - 2 ✻ कृषि - 3 ✻ होमगार्ड - 1 ✻ विमानन विभाग - 1 ✻ राज्य के अन्य निकाय - 88 ✻ विभागवार कुल आरोपित - 274

**(नोट – संबंधित प्रकरण और आंकड़े विधानसभा के जुलाई माह के सत्र में दी गई जानकारी के आधार पर है। उसके बाद भी कई कर्मचारियो व अधिकारियो के विरूद्ध जांच एजेंसियो ने प्रकरण दर्ज किए है।)**

**प्रदेश में 35 कलेक्टर-एसडीएम सहित 27 विभागों के 274 आरोपित...**

विधानसभा में दी गई जानकारी के आधार पर लोकायुक्त और ईओडब्ल्यू में 35 कलेक्टर-एसडीएम सहित 27 विभागों के 274 शासकीय अधिकारी - कर्मचारी आरोपित बनाए गए हैं। इनमें सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी रमेश थेटे के विरुद्ध 25 प्रकरण दर्ज है। अधिकांश प्रकरणों में रमेश थेटे के साथ तहसीलदार आदित्य शर्मा भी आरोपित बनाए गए हैं। इनके विरुद्ध वर्ष 2013 में ही अलग-अलग दिनांक को विभिन्न धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज कर वर्ष 2014 और 2015 में अभियोजन स्वीकृति मांगी गई थी।

**इन कलेक्टरों और एसडीएम के नाम शामिल...**

अन्य आईएएस अधिकारियों में सेवानिवृत्त आईएएस अजातशत्रु श्रीवास्तव, बृजमोहन शर्मा, कवींद्र कियावत, अरुण कोचर, अखिलेश श्रीवास्तव, शिवपाल सिंह, मनोज माथुर सहित 35 कलेक्टर, एसडीएम के नाम शामिल है।

वहीं छिंदवाड़ा जिले में अमरवाड़ा के तत्कालीन एसडीओ (राजस्व) फरतउल्ला खान, बालाघाट जिले में बैहर के तत्कालीन एसडीएम प्रवीण फुलगारे और तत्कालीन नगर निगम आयुक्त विवेक सिंह के विरुद्ध प्रकरण दर्ज है। इनके प्रकरणों में लोकायुक्त और ईओडब्ल्यू ने शासन से अभियोजन स्वीकृति मांगी है, लेकिन अधिकांश प्रकरणों में स्वीकृति नहीं मिली।

## नाले में फंसी गाय को सुरक्षित निकाला

**नीमच, 27 नवंबर गुरु एक्सप्रेस।** बुधवार दोपहर शहर की आंबेडकर कॉलोनी के समीप स्थित नाले में फंसी गाय को गौ सेवा दल ओर नगर पालिका की टीम ने नाले से निकाला। दरअसल, गौ सेवा दल को सूचना मिली थी कि नाले में एक गाय गिर गई है, जो घंटों से फसी हुई। वह बाहर आने का प्रयास भी कर रही है, पर बाहर नहीं निकल पा रही है। इसके बाद गौ सेवा दल की टीम ने नगर पालिका के कर्मचारियों को सूचना दी। मौके पर जेसीबी लेकर पहुंचे कर्मचारियों के साथ गौ सेवा दल के कार्यकर्ता नाले में उतरे। रस्सी की मदद से गाय को बाहर निकाला। बताया जा रहा है कि गाय किसी की पालतू है, जो चरते हुए नाले में गिर गई। गाय को गऊ नंदी सेवा धाम उपचार शाला पर लाया गया है।

# मंडल अध्यक्षों के लिए न दबाव और न किसी की चलेगी सिफारिश

## दिसंबर में बीजेपी करेगी नए मंडल अध्यक्षों की नियुक्ति, दावेदारों की कमी नहीं

**राजू सोनी**

**नाहरगढ़, 27 नवंबर गुरु एक्सप्रेस।** बीजेपी के नये मंडल अध्यक्षों की नियुक्ति अगले माह के पहले पखवाड़े में होने की उम्मीद है। भोपाली सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार बीजेपी शीर्ष नेताओं ने यह स्पष्ट किया है कि मंडल अध्यक्षों की नियुक्ति में न तो किसी का दबाव रहेगा और न ही किसी के लिए किसी की सिफारिश ही मायने रखेगी।

उल्लेखनीय है कि सुवासरा विधानसभा तथा मल्हारगढ़ विधानसभा ग्रामीण क्षेत्र मंडल पद के लिए कई दावेदार है। इधर संगठन चुनाव को लेकर पार्टी ने स्पष्ट कर दिया है कि पदाधिकारियों की नियुक्ति में न दबाव चलेगा और न ही सिफारिश । मंडल अध्यक्ष हों या जिलाध्यक्ष, उनकी नियुक्ति परफॉर्मेंस के आधार पर होगी। इसके लिए पहले रायशुमारी कराई जाएगी। गौरतलब है कि भाजपा हर तीन साल में अपने संगठन और अध्यक्ष में बदलाव करती है। यह बदलाव चुनाव या फिर रायशुमारी .... शेष पेज 4 पर

**साढ़े चार साल बाद मंडल अध्यक्ष, जिलाध्यक्ष के चुनाव...**

यह अवश्य ध्यान में रखा जाएगा कि किसी विधायक या मंत्री के दबाव में मंडल अध्यक्षों की नियुक्ति न होने पाए। दरअसल, पहले कोरोना संक्रमण, फिर विधानसभा और लोकसभा चुनाव के चलते भाजपा संगठन के चुनाव पिछले साढ़े चार साल से नहीं हो पाए थे। लेकिन, अब केंद्रीय नेतृत्व ने चुनाव कराने की समय सीमा तय कर दी है। विधानसभा और लोकसभा चुनाव में कार्यकताओं की परफॉर्मेंस भी मंडल और जिला अध्यक्ष के चयन का आधार होगी। संगठन पर्व के दौरान अधिक से अधिक सदस्य बनाने वाले नामों की अनुशंसा की जा सकती है।

**कुछ नए युवाओ को मिलेगी मंडल की कमान...**

सूत्रों का कहना है कि पार्टी ने इसलिए भी आयु सीमा पर ज्यादा जोर देने की कोशिश की है, ताकि कुछ नए और युवा लोगों को भी मंडलों की कमान सोंपी जा सके। माना जा रहा है कि सबसे ज्यादा मेहनत और भागदौड़ मंडल अध्यक्षों को ही करनी होती है। ऐसे में युवा लोगों से ज्यादा काम लिया जा सकता है। हालांकि पार्टी में इस निर्णय का यह असर भी हुआ है कि ज्यादा उम्र वाले नेता अपने आपको आउटडेटेड भी मानने लगे हैं।

## जंगल में बनाई गई दिवार के पत्थर हो रहे चोरी, रेंजर अनभिज्ञ !



**मनासा, 27 नवंबर गुरु एक्सप्रेस।** उपवनमंडल विभाग के रामपुरा रेंज के भदाना अमरगढ़ जंगल के पठार मे विभाग के ही कारिंदो की देखरेख मे वनविभाग के पूर्व के अधिकारियो द्वारा बनाई गई पत्थर की कोट (दिवार ) को आदिवासी मजदूरों से हटवाकर पत्थर को गायब करवाया जा रहा है। इन पत्थरो को हटाने मे ट्रेक्टरों का उपयोग किया जा रहा। जिससे जंगल मे हजारों पौधे नष्टहो गए है। पिछले कई दिनों से ये खेल चल रहा है।

इस मामले में वन विभाग के रेंजर श्री सोलंकी से बात की, तो उन्होंने कहा कि मुझे पता नहीं है। यदि ऐसा है तो जांच करवाता हूं। मुझे मालूम नहीं कौन जंगल की कोट के पत्थर उठा रहा है और कहां ले जा रहा है। अपनी नाक के नीचे जंगल बर्बाद होने पर रेंजर ने कन्नी काट ली। ज़ब जंगल मे हो रहे खेल से उपवनमंडल अधिकारी श्री परमार को अवगत कराया तो उन्होंने इस मामले को गंभीरता से लेकर रेंजर को फोन मिलाकर फटकार लगाई। उन्होंने निर्देश दिए कि तत्काल यह काम बंद करवाएं और पता लगाए कि पत्थर कौन ले गया है।

# पुलिस ने पकड़ा 510 पेटी शराब से भरा कटेनर, एक आरोपी गिरफ्तार

**रतलाम, 27 नवंबर गुरु एक्सप्रेस।** बिलपांक थाना क्षेत्र पुलिस को अवैध शराब मामले में एक बड़ी सफलता मिली है। रतलाम से बदनावर जाते हुए एक कंटेनर में अवैध शराब की 510 पेटी को पुलिस ने जब्त किया है। साथ ही एक आरोपी को भी पुलिस ने गिरफ्तार कर पूछताछ शुरू कर दी है।

पुलिस अधीक्षक अमित कुमार द्वारा जिले के सभी थाना प्रभारियों को थाना क्षेत्र में अवैध शराब के क्रय विक्रय तथा अवैध परिवहन पर कड़ी कार्यवाही कर अंकुश लगाने हेतु निर्देशित किया गया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार बिलपांक पुलिस को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई की एक कंटेनर ट्रक जिसमें अवैध शराब भरी है जो रतलाम से बदनावर की तरफ जा रहा है। वरिष्ठ अधिकारियों को जानकारी देकर टीम को महु नीमच हाइवे पर संदिग्ध वाहनों की चेकिंग में लगाया। टीम द्वारा संदिग्ध वाहनों की चेकिंग के दौरान ट्रक क्रमांक NL 07 AA 3565 को रोककर चेक करने पर कंटेनर में बड़ी मात्रा में ( 510 पेटी) अवैध शराब से भरी हुई मिली। अवैध शराब के परिवहन से संबंधित कागजात के बारे में ट्रक चालक सुनील कुमार पिता राजपाल जाट उम्र 28 साल निवासी सरल जिला भिवानी हरियाणा पूछताछ करने पर कोई संतोषप्रद जवाब नहीं दे सका। जिस पर पुलिस ने विधिवत अवैध शराब एवं परिवहन में प्रयुक्त कंटेनर वाहन को जब्त कर थाना बिलपांक पर प्रकरण क्रमांक 668/24 धारा 34(2) आबकारी एक्ट का दर्ज कर ट्रक चालक आरोपी को हिरासत में लिया गया है। आरोपी से अवैध शराब कहा से कहा ले जाई जा रही थी इस संबंध में पूछताछ की जा रही है। प्रारंभिक पूछताछ में शराब हरियाणा से लेकर अकोला महाराष्ट्र ले जाने की बात सामने आई है।



आरोपी को गिरफ्तार करने में थाना प्रभारी बिलपांक निरीक्षक अय्यूब खान, उपनिरी. मुकेश सस्तीया, राम सिंह ख़पेड़ , एएसआई अजय रावत, प्रधान आर.ईश्वरसिंह, आर.माखनसिंह, आर.अमित यादव, आर.हेमंत यादव, आर.संजय सोनी, प्रधान आर.अशोक मईड़ा, आर.राकेश प्रजापत, आर.रोहित रावत की सराहनीय भूमिका रही।

# मप्र राज्य स्तरीय बॉडी बिल्डिंग स्पर्धा सम्पन्न



**मंदसौर, 27 नवंबर गुरु एक्सप्रेस।** श्री पशुपतिनाथ महादेव के 62 वें मेले के पावन अवसर पर कार्तिक पूर्णिमा मेले के मंच पर संगीत की धुन पर मंदसौर नगरपालिका परिषद एवं दशपुर जिला बॉडी बिल्डिंग संघ के तत्वाधान में राज्य स्तरीय शरीर सौष्ठव प्रतियोगिता बाडी बिल्डिंग का बेहतरीन आयोजन संपन्न हुआ। 300 से अधिक खिलाडियों ने संगीत की धुन पर देर रात्रि 1.00 बजे तक प्रदर्शन किया।

राज्य शरीर सौष्ठव स्पर्धा का शुभारंभ सम्मानित अतिथिगण भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता व पूर्व विधायक श्री यशपालसिंह सिसौदिया, नगरपालिका परिषद की अध्यक्ष श्रीमती रमादेवी बंशीलाल गुर्जर , राज्य शरीर सौष्ठव संस्था के अध्यक्ष श्री प्रेमसिंहजी यादव उज्जैन, प्रदेश अध्यक्ष एवं 17 बार मि.मध्यप्रदेश रहे श्री जितेन्द्रसिंह जी कुशवाह, महासचिव श्री अतीनजी तिवारी, प्रदेश कोषाध्यक्ष श्री शैलेन्द्रजी व्यास (स्वामी मुस्कुराके), इंजीनियर श्री गजेंद्र मेहता उज्जैन, दशपुर जिला बॉडी बिल्डिंग संघ के अध्यक्ष उद्योगपति श्री विशालजी गोयल, संरक्षक दैनिक मालव अलंकरण के प्रधान संपादक एवं वरिष्ठ पत्रकार श्री प्रकाश सिसौदिया, मेला सभापति श्रीमती भावना जयप्रकाश पमनानी सहित मेला समिति सदस्य नपा पार्षद श्रीमती दिव्या अनूप माहेश्वरी , श्री ईश्वर सिंह चौहान, श्रीमती रेखा राजेश सोनी ऐरावाला , दीपक गाजवा, श्रीमती माया नीलमचंद भावसार , श्रीमती संगीता शैलेन्द्र गोस्वामी, श्रीमती सुनीता नंदलाल गुजरिया, भाजपा नेता श्री राजेशजी गुर्जर, वरिष्ठ भाजपा नेता श्री संजय गोयल, श्री अनूप माहेश्वरी ने किया।

नगरपालिका परिषद अध्यक्ष श्रीमति रमादेवी बंशीलाल गुर्जर ने खिलाडियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि प्रदेश भर के 45 जिलों से मंदसौर श्री पशुपतिनाथ महादेव के कार्तिक मेले के मंच पर बाडी बिल्डींग के खिलाडियों का आना गौरव की बात है। आपने कहा कि मेले में दूसरी बार यह मप्र स्तर का आयोजन हो रहा है जिसे सभी ने सराहा है। यह आयोजन अब प्रति वर्ष मेले के मंच पर किया जावेगा, जिससे खिलाड़ियों को मंच मिलेगा और विजेता खिलाडी मंदसौर का नाम देश एवं प्रदेश में करेंगे। श्रीमति गुर्जर ने कहा कि दशपुर के राजा सम्राट श्री यशोर्धमन के नाम से खिलाडि?ों को दिया गया पुरस्कार संपूर्ण मध्यप्रदेश में दशपुर की ख्याति को बढ़ायेगा। यह आयोजन दशपुर के राजा सम्राट यशोधर्मन की स्मृति को अक्षुण्य बनाएगा।

**मंदसौर विधायक श्री विपिनजी जैन ने खेल मित्र अलंकरण से किया सम्मानित–** दशपुर जिला बॉडी बिल्डिंग संघ एवं नगर पालिका परिषद मंदसौर द्वारा आयोजित श्री पशुपतिनाथ महादेव कार्तिक मेले के मंच पर पधारे मंदसौर विधायक श्री विपिनजी जैन द्वारा प्रदेश भर से आए ऑफिसर्स और प्रमुख खिलाड़ियों को खेल मित्र अलंकरण प्रदान कर सम्मानित किया। इस अवसर पर सम्मानित अतिथि मंदसौर विधायक श्री विपिन जैन ने कहा कि दशपुर बॉडी बिल्डिंग संघ विगत 22 वर्षों से दशपुर की धरा पर शरीर सौष्ठव प्रतियोगिता का आयोजन कर रहा है। विधायक श्री जैन ने कहा कि हमारे लिए गौरव की बात है कि मालवा के सम्राट श्री यशोधर्मन के नाम से दशपुर जिला बॉडी बिल्डिंग संघ द्वारा यह पुरस्कार प्रदान किया जाता है। सम्राट श्री यशोधर्मन ने पूरे देश पर राज करते हुए दशपुर को अपनी राजधानी बनाया था।

**हाशिम बने चौंपियन ऑफ चौंपियन–** दशपुर जिला बॉडी बिल्डिंग संघ के अध्यक्ष श्री विशाल गोयल एवं सचिव श्री शैलेन्द्र सिसोदिया ने बताया कि राज्य स्तरीय बॉडी बिल्डिंग चौम्पियनशीप में सम्राट श्री यशोधर्मन ट्रॉफी के लिए प्रदेश भर की 45 से अधिक जिला इकाइयों के खिलाडी एवं पदाधिकारी मंदसौर आए। आपने बताया कि सम्राट श्री यशोधर्मन ट्रॉफी पर भोपाल के बॉडी बिल्डर हासिम अली ने कब्जा जमाया जिन्हें 21000 रुपये का नकद पुरस्कार व आकर्षक ट्रॉफी प्रदान की गई। वही बेस्ट पोजर में देवास के प्रदीप ठाकुर , बेस्ट मस्कुलर में इंदौर के नरेंद्र गुर्जर एवं बेस्ट इम्प्रुव्हड में भोपाल के फैज अली ने कब्जा जमाया। इन्हें क्रमश: 10-10 हजार रुपए की राशि पुरस्कार स्वरूप, प्रमाण पत्र व आकर्षक ट्रॉफी प्रदान की गई।

**10 वजन वर्ग में प्रथम, द्वितीय, तृतीय,चतुर्थ एवं पंचम को नकद पुरस्कार दिया गया–** अध्यक्ष श्री विशाल गोयल एवं सचिव श्री शैलेंद्र सिसोदिया, उपाध्यक्ष दय श्री वेदप्रकाश मिश्रा एवं श्री लोकेश भार्गव ने बताया कि 10 वजन वर्ग में खिलाड़ियों को प्रथम 3000 रूपये, द्वितीय 2500 रूपये, तृतीय 2000 रूपये , चतुर्थ 1500 रूपये एवं पंचम 1000 रूपये नगद राशि, आकर्षक ट्रॉफी और प्रमाण पत्र प्रदान कर अतिथियों द्वारा सम्मानित किया गया।

**संघ के यह पदाधिकारी उपस्थित थे–** संघ के उपाध्यक्ष संदीप मेहता, सह सचिव कीर्तिश जैन, मनीष सोनी, प्रवीण खत्री ,मयंक सिसोदिया, चर्चित सिसोदिया, अमित गोदावत, विजय टेकचंदानी, संदीप जैन , विक्की गोसर, राजेश राठौड, सनी गोसर, बंटी दिवाकर, धर्मेन्द्र राठौड, महेंद्र सिंह, भूपेंद्र चावडा, सनी भाई, नारायणसिंह, सौरभ गुर्जर, अमन, दुर्गेश दडिंग।



## सूरी में भूमिगत जल में वृद्धि के लिये बोरी बंधान का कार्य किया

**मंदसौर, 27 नवंबर गुरु एक्सप्रेस।** म.प्र. जन अभियान परिषद मंदसौर विकासखंड मंदसौर जिला समन्वयक तृप्ति बैरागी के निर्देशन में जन अभियान परिषद से चयनित नवांकुर संस्था प्रियदर्शन सामाजिक सेवा संस्था पिपलिया कराडिया सेक्टर डिगांव माली की ग्राम पंचायत सुरी में बोरी बंधान का कार्य जनसहयोग से किया गया। कहते हैं की बूंद बूंद से घड़ा भरता है इसी प्रकार जल संचय हेतु छोटी-छोटी जल संरचनाओं पर भी जल संचय हो एवं भूमिगत जल में वृद्धि हो इसके लिए बोरी बधांन का कार्य जन सहयोग से किया जा रहा है। नवांकुर कार्यक्रम समन्वयक दिनेश सोलंकी ने पर्यावरण,जल चौपाल, जल संरक्षण पर चर्चा कर बोरी बंधान का कार्य किया गया जिसमें ग्राम विकास प्रस्तुत समिति सुरी के अध्यक्ष शांतिलाल पाटीदार सचिव भगत सिंह, प्रभुलाल पाटीदार, जगदीश सेन, परशराम बावरी, अर्जुन धनगर राजेंद्र सिंह पवार एवं कई गांव के नागरिकों ने हिस्सा लिया।

## कन्या महाविद्यालय में संविधान दिवस मनाया



**मंदसौर, 27 नवंबर गुरु एक्सप्रेस।** शासकीय कन्या महाविद्यालय,मंदसौर में आज दिनांक 26.11.2024 को संविधान दिवस मनाया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ प्राध्यापक डा.उमा गगरानी ने संविधान की प्रस्तावना का पाठ कराया और संविधान के महत्व को बताते हुए कहा कि बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर की अध्यक्षता में जिस संविधान की रचना की गई उसमें स्वतंत्रता, बंधुत्व और न्याय के आधारभूत मूल्यों को सहज ही शामिल कर लिया गया।

भारत के संविधान की सबसे बडी विशेषता यही है कि इसका विचार दर्शन चिरस्थाई है, लेकिन इसका ढाँचा लचीला है। यह मात्र अमूर्त आदर्श नहीं बल्कि एक सजीव दस्तावेज है। सामाजिक और आर्थिक परिवर्तन लाने में संविधान सबसे मजबूत साधन सिद्ध हुआ है। हमारा संविधान नई आशााओं और परिस्थितियों पर खरा उतरने के साथ ही निरंतर विकास की ओर अग्रसर है, हमने संविधान की प्रस्तावना के अनुरूप एक समावेशी और विकसित भारत बनाने के लिए न केवल अपनी नीतियों और कार्यक्रमों को साकार करने पर ध्यान केन्द्रित किया बल्कि शासन प्रणाली में भी रूपांतरण कर रहे है। यह एक आदर्श परिवर्तन है। भारतीय संविधान विश्व का सबसे बड़ा लिखित संविधान है जिसे दिनांक 26.11.1949 को भारतीय संविधान को अंगीकृत और आत्मार्पित किया गया था। भारत के संविधान मे दिये गये मूल कर्तव्यों का पालन करते हुए संविधान के आदर्शों, संस्थाओं, राष्ट्रध्वज एवं राष्ट्रीय प्रतीकों का आदर करना चाहिए। भारतीय संविधान देश के लोकतांत्रिक मूल्यों की आत्मा है और इन्ही मूल्यों के पालन से देश आज तेजी से प्रगति की ओर बढ रहा है। कार्यक्रम का संयोजन श्री दिलीपसिंह कांदिल के द्वारा किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालयीन स्टाफ उपस्थित था।



## कलेक्टर ने किया जमुनिया कला व नीमच में राजस्व शिविरों का निरीक्षण

**नीमच, 27 नवंबर गुरु एक्सप्रेस।** प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देशानुसार 15 नवम्बर से चलाए जा रहे राजस्व महाअभियान 3.0 के तहत नीमच जिले में राजस्व विभाग द्वारा विभिन्न गांवों और शहरी क्षेत्र में ई-केवाईसी एवं फार्मर रजिस्ट्री के लिए राजस्व शिविर आयोजित किए जा रहे है।

कलेक्टर श्री हिमाशु चंद्रा ने बुधवार को महू रोड़ नीमच एवं ग्राम जमुनिया कला में आयोजित राजस्व शिविर का निरीक्षण कर, खसरा ई-केवाईसी कार्य एवं फार्मर रजिस्ट्री कार्य की प्रगति का जायजा लिया। ग्रामीणों किसानों से रूबरू होते हुए कलेक्टर ने कहा कि राजस्व महाअभियान के तहत किसानों की खसरा ई-केवाईसी एवं फार्मर आईडी बनाने का नि:शुल्क कार्य किया जा रहा है।सभी किसान इन शिविरों में अपनी फार्मर आईडी एवं ई-केवाईसी अवश्य करवा ले। उन्होने कहा कि,भविष्य में किसानों को ई-केवायसी एवं फार्मर आईडी के माध्यम से ही पीएम किसान सम्मान निधी,सीएम किसान कल्याण योजना एवं अन्य किसान हितेषी योजनाओं का लाभ मिलेगा। इस निरीक्षण दौरान एसडीएम डॉ.ममता खेड़े भी उपस्थित थी। कलेक्टर श्री चंद्रा ने राजस्व अमले को निर्देशित किया, कि वे घर-घर सम्पर्क कर, शत-प्रतिशत किसानों को फार्मर आईडी व ई-केवाईसी करवाने के लिए प्रेरित करें। कलेक्टर ने नक्शा तरमीम का कार्य भी शत-प्रतिशत पूर्ण करने के निर्देश दिए।



पीएम कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस मंदसौर में सायबर सखी कार्यक्रम के अंतर्गत...

## सायबर सुरक्षा एवं अपराध विषय पर व्याख्यान सम्पन्न

**मंदसौर, 27 नवंबर गुरु एक्सप्रेस।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस, शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय मंदसौर के प्राचार्य डॉ. डी.सी. गुप्ता ने बताया कि मध्यप्रदेश महिला आयोग, भोपाल एवं महिला एवं बाल विकास विभाग मंदसौर के सौजन्य से एन.एस.एस. इकाई एवं कम्प्यूटर विज्ञान विभाग द्वारा सायबर सखी कार्यक्रम के अंतर्गत सायबर सुरक्षा एवं अपराध विषय पर विशिष्ट व्याख्यान आयोजित हुआ। कार्यक्रम के प्रारंभ में अतिथियों द्वारा दीप–दीपन, सरस्वती पूजन किया गया। प्राचार्य डॉ. वी. पी. तिवारी द्वारा अतिथियों का पुष्पमाला एवं शब्द सुमनों द्वारा स्वागत किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि नगर पालिका उपाध्यक्ष श्रीमती नम्रता चावला ने कहा कि कंप्यूटर विज्ञान के युग में युवाओं को सायबर अपराध एवं सुरक्षा के बारे में जानकारी देना अति आवश्यक है, जिससे युवा ऑनलाइन फ्राडिंग के शिकार न हो।

कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि विधायक प्रतिनिधि श्रीमती अनीता भदौरिया ने कहा कि आज के युवा इंस्टाग्राम, फेसबुक, व्हाट्सअप इत्यादि सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर ऑनलाइन ठगी के शिकार हो जाते हैं। इसलिए सायबर सुरक्षा एवं अपराध पर समय–समय जागरूकता कार्यक्रम होने चाहिए। कार्यक्रम में मध्यप्रदेश महिला आयोग के निज सचिव अंजू आर्य द्वारा महिला आयोग द्वारा बालिकाओं एवं महिलाओं की सुरक्षा हेतु किए जा रहे प्रयासों को रेखांकित किया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता सुश्री शिल्पा चांदौलीकर द्वारा सायबर सुरक्षा एवं अपराध के अंतर्गत फेसबुक, इंस्टाग्राम आदि सोशल मीडिया अकाउंट को फ्राडिंग और हैकिंग से बचाने हेतु उपायों को बताया। उन्होंने कहा कि हमें अपनी निजी जानकारी जैसे ओटीपी, पिन इत्यादि नहीं देनी चाहिए। जाने अनजाने में होने वाले सायबर अपराधों के बारे में विस्तार से जानकारी प्रदान की। कार्यक्रम का संचालन एनएसएस कार्यकम अधिकारी डॉ. अनिल कुमार ने किया एवं आभार महिला एवं बाल विकास विभाग के सोनिक मिश्रा द्वारा किया गया इस अवसर पर मध्यप्रदेश महिला आयोग, भोपाल के अनुभाग अधिकारी श्री संजय श्रीवास्तव, श्री बी.आर. मुजाल्दे, महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी, कंप्यूटर विज्ञान विभाग से प्रो. सी. पी. आडवाणी, प्रो. नरेंद्र बंधवार, प्रो. मनीष तिवारी, प्रो. गौरव सोनी, प्रो. मनीष सोनी, प्रो. रवींद्र रामावत समेत महाविद्यालय के अधिकारी, कर्मचारी एवं विद्यार्थी उपस्थित थे।

## भामाशाह पं. योगेन्द्र महंत राष्ट्रीय गौरव सम्मान 8 को

### श्री वैष्णव रामानंदाचार्य कैलेण्डर का होगा विमोचन, देशभर से आएंगे अतिथिगण

**मंदसौर, 27 नवंबर गुरु एक्सप्रेस।** श्री वैष्णव बैरागी कोर कमेटी मंदसौर एवं वैष्णव सेवा संघ मंदसौर द्वारा संयुक्त रूप से दिनांक 8 दिसम्बर को कुशाभाऊठाकरे ऑडिटोरियम में दोप. 12.10 बजे से सम्मान समारोह एवं श्री वैष्णव रामानंदाचार्य कैलेण्डर विमोचन का कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। जिसमें घाटोल बांसवाड़ा के वरिष्ठ समाजसेवी श्री नरेन्द्र वैष्णव (भाजपा जिला महामंत्री) को वर्ष 2024 का भामाशाह पं. योगेन्द्र महंत राष्ट्रीय गौरव सम्मान से अलंकृत किया जाएगा।

इस आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप में प्रसिद्ध उद्योगपति श्री सुनील रामावत (शैफाली मिल्स सूरत), श्री मोहन वैष्णव (मुम्बई), सेवा संघ म.प्र. के प्रदेश अध्यक्ष श्री पी.एल. बैरागी, पं. योगेन्द्र महंत (पूर्व राज्यमंत्री दर्जा), महेशचन्द्र (जयपुर), उद्योगपति हरिओम वैष्णव (मुरैना), राजस्थान प्रदेश अध्यक्ष श्रीमती विद्यादेवी वैष्णव, म.प्र. प्रदेश अध्यक्ष श्रीमती निशा वैष्णव, जनपद शाजापुर के पूर्व अध्यक्ष नीरज वैष्णव, कथावाचिका सुश्री जयमाला दीदी नीमच, कोर कमेटी मंदसौर अध्यक्ष राधेश्याम वैष्णव आदि उपस्थित रहेंगे। इस आयोजन में श्री वैष्णव बैरागी कोर कमेटी द्वारा समाजजनों को 5000 श्री वैष्णव रामानंदाचार्य कैलेण्डर का नि:शुल्क वितरण किया जाएगा। उक्त जानकारी वैष्णव सेवा संघ मंदसौर के महेश कुमार वैष्णव ने दी।

## मंदसौर सीए ब्रांच का द्वितीय वेबीनार सम्पन्न

**मंदसौर, 27 नवंबर गुरु एक्सप्रेस।** सीए ब्रांच द्वारा इथिकल स्टेण्डर्ड बोर्ड नई दिल्ली के तत्वावधान में एक वेबीनार का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य वक्ता सीए अंकित माहेश्वरी ने सरकारी अंकेक्षण, सीएण्ड एजी ऑडिट, कम्पनी ऑडिट की प्रोसेस, एन.ओ.सी,. पूर्व अंकेक्षक से कम्यूनिकेशन आदि के बारे में अपने विचार रखे। इस वेबीनार में 60 सीए सदस्यों ने भाग लिया।

प्रारंभ में स्वागत भाषण मंदसौर शाखा चेयरमेन सीए दिनेश जैन ने दिया। सीए वीरेन्द्र जैन ने बताया कि प्रोफेशनल अवसर पर शीघ्र ही एक और वेबीनार आयोजित किया जा रहा है। अतिथि परिचय सीए नयन जैन ने दिया। प्रश्न उत्तर सेशन सीए विकास भण्डारी ने लिया। इस वेबीनार को सीए राजेश मण्डवारिया ने भी संबोधित किया। आभार सीए अर्पित नागदा ने व्यक्त किया।

## पंचायत एवं ग्रामीण विकास योजनाओं में नीमच जिला प्रदेश में द्वितीय स्थान पर



**नीमच, 27 नवंबर गुरु एक्सप्रेस।** पंचायत एवं ग्रामीण विकास योजनाओं की ग्रेडिंग सिस्टम लागू किया गया है। माह अक्टूबर 2024 की ग्रेडिंग म.प्र.शासन पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग भोपाल द्वारा जारी ग्रेडिंग में नीमच जिला प्रदेश में द्वितीय स्थान पर रहा हैं।

कलेक्टंर श्री हिमाशु चंद्रा के निर्देशानुसार एवं जिला पंचायत सीईओ श्री अरविंद डामोर द्वारा समय-समय पर मॉनिटरिंग करने से पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के तहत संचालित योजनाओं राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन, महात्मा गांधी नरेगा, प्रधानमंत्री आवास योजना, प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना, स्वच्छ भारत मिशन, सीएम हेल्पलाईन के आधार पर माहांत अक्टूबर 2024 की जिलेवार एवं संभागवार प्रगति का आंकलन ग्रेडिंग प्रणाली के माध्य,म से किया गया। इसमें शासन की योजनाओं की लक्ष्यवपूर्ति समय-सीमा में करने तथा विभिन्नय मापदण्डोंग के आधार पर प्रत्येकजिले को अंक दिए जाकर रैकिंग का निर्धारण किया जाता हैं। अंको के आधार पर ओवरऑल नीमच जिले की ग्रेडिंग ए +, 5 में से 4.38 औसत अंक प्राप्तन कर, नीमच जिला प्रदेश में द्वितीय स्थान पर रहा है।

## राजस्व महाअभियान के तहत शिविर में राजेश साहू ने करवाया खसरा ई-केवायसी

**नीमच, 27 नवंबर गुरु एक्सप्रेस।** जिले में राजस्व महाअभियान के तहत कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा के मार्गदर्शन में फार्मर रजिस्ट्री एवं खसरा ई-केवायसी के लिए विभिन्न स्थानों पर शिविर आयोजित किए जा रहे है। नीमच में राजस्व विभाग द्वारा आयोजित शिविर में महू रोड नीमच निवासी राजेश साहू ने अपने भूखण्डका ई-केवायसी करवा लिया है। उनका कहना है, कि उन्होने अपने मकान भूखण्ड का ई-केवायसी करवाया है, इससे उन्हें बैंक ऋण में सुविधा मिलेगी। उन्होनें सभी से अपनी सम्पत्ति की ई-केवायसी करवाने का आगृह किया है।

## एडीएम ने किया राजस्व महाअभियान के तहत अल्हेड़ शिविर का निरीक्षण

**नीमच, 27 नवंबर गुरु एक्सप्रेस।** कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा के मार्गदर्शन में जिले में चलाए जा रहे राजस्व महाअभियान 3.0 के तहत गांव-गांव में विशेष राजस्व शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। साथ ही राजस्व अमले द्वारा डोर-टू-डोर खसरा, ई-केवायसी का कार्य भी किया जा रहा है। राजस्व महाअभियान के तहत एडीएम श्रीमती लक्ष्मी गामड़ ने बुधवार को ग्राम पंचायत अल्हेड में आयोजित शिविर का निरीक्षण कर, आधार अपडेशन, खसरा, ई-केवायसी एवं फार्मर रजिस्ट्री कार्य का जायजा लिया। तहसीलदार श्री संजय मालवीय ने ग्राम पिपलियाबाग में आयोजित शिविर का निरीक्षण कर, खसरा ईकेवायसी एवं फार्मर रजिस्ट्री कार्य का जायजा लिया।



## जेंडर आधारित हिंसा उन्मूलन हेतु जागरूकता कार्यक्रम सम्पन्न

**मंदसौर, 27 नवंबर गुरु एक्सप्रेस।** परियोजना अधिकारीने बताया किशहर किटियानी में जेंडर आधारित हिंसा उन्मूलन हेतु जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें जेंडर समानता एवं घरेलू हिंसा से बचाव एवं वन स्टॉप सेंटर द्वारा दी जा रही सेवाओं एवं गतिविधियों की जानकारी दी गई। जिला कार्यालय द्वारा जेंडर संवेदीकरण पर आयोजित वेबीनार दिखाया गया। महिला हिंसा उन्मूलन की शपथ दिलवाई गई। कार्यक्रम में पर्यवेक्षक श्रीमती शकुंतला डामोर, वन स्टॉप सेंटर से श्रीमती निर्मला चौहान एवं सीमा गौड राजपूत, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं अन्य महिलाएं उपस्थित रहीं।

## सीटीसी नीमच में 72 नवनियुक्त उप निरीक्षक केडेटस का दीक्षांत परेड समारोह सम्पन्न

### महानिरीक्षक दत्ता ने भव्य दीक्षांत परेड की सलामी ली



**नीमच, 27 नवंबर गुरु एक्सप्रेस।** केन्द्रीय प्रशिक्षण केन्द्र, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल, नीमच (मध्य प्रदेश) में कुल 72 नव नियुक्त उपनिरीक्षक, कैडेटस का दीक्षान्त परेड समारोह बुधवार को अपार उत्साह के साथ सम्पन्न हुआ। दीक्षांत परेड समारोह के मुख्य अतिथि महानिरीक्षक, प्राचार्य, सी.टी.सी. नीमच, श्री संदीप दत्ता, ने परेड की सलामी ली। इस परेड के परेड कमाण्डर उपनिरीक्षक, जीडी श्री अनिल कुमार एवं परेड द्वितीय कमान अधिकारी उपनिरीक्षक, जीडी श्री नीरज पचौरी थे।

स अवसर पर महानिरीक्षक, प्राचार्य, सी.टी.सी. नीमच, श्री संदीप दत्ता, उप कमाण्डेंट, सी.टी.सी. नीमच श्री आशीष भटनागर, एवं केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के अधिकारीगण, स्थानीय प्रशासनिक व पुलिस सेवा के अधीकारीगण, क्षेत्र के गणमान्य जन प्रतिनिधि, जवान एवं उनके परिजन भी उपस्थित थे। उप कमाण्डेंट श्री आशीष भटनागर, ने मुख्य अतिथि एवं गणमान्य अतिथिगणों का स्वागत किया। केंद्रीय प्रशिक्षण केंद्र नीमच में 96(सी) बैच के उपनिरीक्षक, कैडेटस का बुनियादी प्रशिक्षण 18 दिसंबर 2023 से आरम्भ हुआ था। 48 सप्ताह की प्रशिक्षण अवधि के दौरान इन्हें बल के अनुशासन के साथ-साथ, सहनशक्ति प्रशिक्षण, युद्ध अवरोध एवं प्रहार मार्ग, निहत्थी लड़ाई, हथियार व खाली हाथ की कवायद, विभिन्न हथियारों, गोला-बारूदों एवं ग्लोबर पोजिसनिंग सिस्टम का प्रशिक्षण भी दिया गया है। इन्हें चार सप्ताह के अति सतर्क एवं कठिन जंगल प्रशिक्षण के साथ एक सप्ताह के जंगल सरवाईवल प्रशिक्षण तथा प्राकृतिक संसाधनों पर निर्भर रहने का अभ्यास देकर राष्ट्र विरोधी ताकतों से लोहा लेने के लिए तैयार किया गया है। प्रशिक्षण में उत्कृष्ट का चयन एवं ट्रॉफी का वितरण किया गया। इन सभी विषयों के अतिरिक्त इन्हें कुछ महत्वपूर्ण विषयों जैसे भीड़ व दंगा नियंत्रण प्रणाली, जनता के साथ पुलिस के मधुर सम्बन्ध, मानवाधिकारी, आपदा प्रबंधन आदि का प्रशिक्षण भी दिया गया है ताकि ये जनता में सुरक्षा व विश्वास की भावना विकसित कर सकें। इन्हें क्विज, निबन्ध लेखन व सार्वजनिक तरिके से बोलचाल (पब्लिक स्पीकिंग) प्रतियोगिता जैसे पाठ्यक्रमों पर आधारित प्रतियोगिताओं के द्वारा व्यक्तित्व के चहुमुखी विकास का अवसर भी दिया गया है। परेड में जोशीले उपनिरीक्षक, कैडेटस ने सजीव सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं रणकौशल का प्रर्दशन किया, जिसका दर्शकों ने भरपूर आनन्द लिया। कार्यक्रम का समापन फोटोग्राफी सत्र एवं मीडिया कार्मिकों से परस्पर बातचीत के साथ हुआ।

## मंदसौर मंडी भाव

| उपज | आवक बोरी में | न्यूनतम | अधिकतम |
|---|---|---|---|
| मक्का | 213 | 2320 | 2440 |
| उडद | 61 | 5302 | 5480 |
| सोयाबीन | 7000 | 3821 | 4400 |
| गैहु | 1597 | 2681 | 3001 |
| चना | 348 | 5500 | 6441 |
| मसुर | 107 | 5401 | 6165 |
| धनिया | 168 | 6000 | 7100 |
| लहसुन | 12000 | 13500 | 30000 |
| मैथी | 446 | 4790 | 5981 |
| मुंगफली | 7000 | 3000 | 5150 |
| अलसी | 1374 | 5411 | 6060 |
| सरसो | 259 | 5450 | 5860 |
| तारामीरा | 1 | 4391 | 4391 |
| इसबगोल | 110 | 9800 | 12500 |
| प्याज | 13500 | 1200 | 3900 |
| कलोंजी | 15 | 14901 | 17890 |
| तुलसी बीज | 17 | 13152 | 21900 |
| डॉलर | 62 | 7500 | 12100 |
| तिल्ली | 27 | 11000 | 12290 |
| जौ | 13 | 2460 | 2551 |
| मटरसुखी | 10 | 5400 | 6800 |
| असालीया | 5 | 9820 | 11701 |
| चियाबीज | 33 | 13800 | 15951 |

# आज का युग: नैतिकता और संवेदनाओं का आर्थिकरण

**मंदसौर, 27 नवंबर गुरु एक्सप्रेस।** वर्तमान युग तकनीकी प्रगति और वैश्वीकरण का है, जहां विकास के नए आयाम स्थापित किए जा रहे हैं। लेकिन इस विकास की चमक-धमक के पीछे एक गहरी विडंबना छिपी हुई है। यह वह दौर है जहां नैतिकता और संवेदनाएं, जो कभी समाज का आधार मानी जाती थीं, अब आर्थिक लाभ के सामने झुकती नजर आती हैं। 'हवा बिकती है गुब्बारों में डाल के, और पानी बोतल में,' यह पंक्ति केवल शब्दों का खेल नहीं, बल्कि हमारे समाज की वास्तविकता का सटीक चित्रण है।



नेमीचंद राठौर

आज का समाज बाजार के नियमों पर चलता है, जहां हर चीज बिकाऊहै—चाहे वह झूठ हो या सच। सोशल मीडिया और समाचार माध्यम इस बात के सबसे बडे उदाहरण हैं। तथ्यों, कहानियों और भावनाओं तक को अब लाभ कमाने का साधन बना दिया गया है। सत्य भी तब तक मान्यता नहीं पाता, जब तक वह किसी रूप में 'वायरल' न हो जाए। समाचार माध्यम, जिनका उद्देश्य कभी समाज को जागरूक करना था, अब व्यूअरशिप और विज्ञापन राजस्व की दौड़ में नैतिक मूल्यों को भुला चुके हैं। पानी, जो कभी मुफ्त और सभी के लिए सुलभ था, आज बोतलों में बिक रहा है। यह मानव समाज की सबसे बड़ी विफलताओं में से एक है। यह केवल पानी की बिक्री नहीं, बल्कि प्राकृतिक संसाधनों के व्यवसायीकरण का प्रतीक है। हवा, जिसे हर जीव का प्राकृतिक अधिकार होना चाहिए, अब एयर प्यूरीफायर और ऑक्सीजन सिलेंडरों में बिक रही है। यह न केवल पर्यावरणीय संकट का सूचक है, बल्कि समाज की प्राथमिकताओं में आई विकृति को भी दर्शाता है। विकास का मतलब केवल भौतिक प्रगति नहीं होना चाहिए। सही विकास वह है जो नैतिक और सामाजिक जिम्मेदारियों को साथ लेकर चले। आज की स्थिति हमें यह सोचने पर मजबूर करती है कि क्या यह विकास सही दिशा में हो रहा है? तकनीकी प्रगति और आर्थिक लाभ के पीछे इंसानियत और पर्यावरण की अनदेखी हो रही है। यह स्थिति केवल आत्मावलोकन और सामूहिक प्रयासों से सुधारी जा सकती है।

हमें इस यथार्थ को स्वीकार करना होगा कि भौतिक सुख-सुविधाओं का लालच हमें गलत दिशा में ले जा रहा है। विकास के नाम पर प्राकृतिक संसाधनों का दोहन और नैतिकता की अनदेखी खतरनाक भविष्य की ओर संकेत करती है। हर व्यक्ति को यह समझने की आवश्यकता है कि उसके क्रियाकलाप समाज पर क्या प्रभाव डाल रहे हैं। जब तक हम अपनी प्राथमिकताओं और जिम्मेदारियों को नहीं समझेंगे, तब तक यह स्थिति सुधरने वाली नहीं है। इस संकट से उबरने के लिए समाज को सामूहिक रूप से कार्य करना होगा। सरकारी नीतियों, सामाजिक जागरूकता और व्यक्तिगत प्रयासों के माध्यम से नैतिकता और पर्यावरण को प्राथमिकता देना जरूरी है। शुद्ध पानी और हवा का अधिकार हर जीव के लिए सुनिश्चित करना चाहिए। 'जहां हवा भी बिकती है, और पानी बोतल में,' यह वाक्य हमें चेतावनी देता है कि अगर हमने अपनी प्राथमिकताएं नहीं बदलीं, तो भविष्य और भी कठिन होगा। यह समय आत्ममंथन और सामूहिक प्रयास का है, ताकि आने वाली पीढ़ियों को एक बेहतर और नैतिक समाज मिल सके। विकास का सही अर्थ भौतिक प्रगति के साथ-साथ नैतिक और सामाजिक जिम्मेदारी को समझना और अपनाना है।



# पटवारी प्रतिदिन अपने हलके में जाए तथा राजस्व अभियान के कार्य को पूर्ण करें-कलेक्टर

## कलेक्टर ने राजस्व महा अभियान 3.0 के कार्यों की समीक्षा की

**मंदसौर, 27 नवंबर गुरु एक्सप्रेस।** कलेक्टर श्रीमती अदिती गर्ग ने मंदसौर राजस्व महा अभियान 3.0 के अंतर्गत मंदसौर अनुविभाग के कार्यों की समीक्षा की।कलेक्टर ने निर्देश देते हुए कहा कि सभी पटवारी प्रत्येक दिन अपने हलके में जाए तथा किसानों से मिले ग्राम पंचायत में बैठे तथा प्रत्येक दिन लोगों की समस्या को सुने। राजस्व महा अभियान के अंतर्गत जितने भी लंबित प्रकरण है, नवीन कार्य हैं उनको प्रत्येक दिन पूर्ण करें। कोई भी कार्य लंबित नहीं होना चाहिए। ग्राम पंचायत में प्रत्येक दिन शिविर आयोजित करें। शिविर के माध्यम से 70 से अधिक उम्र के व्यक्तियोंका आयुष्मान कार्ड बनाएं। सीएम हेल्पलाइन शिकायत का समाधान करें एवं राजस्व महा अभियान के कार्य को पूर्ण करें। अगर किसी वृद्ध व्यक्ति का फिंगरप्रिंट नहीं आने से आयुष्मान कार्ड नहीं बन रहा है, तो वृद्ध व्यक्ति को सीएससी सेंटर ले जाकर आयुष्मान कार्ड बनवाएं।

सीएससी सेंटर पर आंखों को स्कैन करकेआयुष्मान कार्ड बनाया जा सकता है। सभी पटवारी फील्ड पर रहे तथा फील्ड पर काम करें। फील्ड पर काम दिखना चाहिए। अगर कोई पटवारी काम नहीं कर रहे हैं तो तहसीलदार उस पर कार्यवाही करें। राजस्व महा अभियान में कार्य नहीं होने पर तहसीलदारों पर कार्यवाही होगी। जितने भी किसान है उनकी ई केवाईसी शत प्रतिशत पूर्ण होना चाहिए। किसानों की फॉर्मर रजिस्ट्री अनिवार्य रूप से बनवाए। फॉर्मर रजिस्ट्री बनने के पश्चात ही पीएम किसान कल्याण एवं सीएम किसान कल्याण योजना का लाभ प्राप्त होगा। अगर फॉर्मर रजिस्ट्री आईडी नहीं है तो किसान कल्याण योजना का लाभ नहीं मिलेगा। इसलिए फार्मर रजिस्ट्री अनिवार्य है। एसडीएम और तहसीलदार सभी किसानों की फॉर्मर रजिस्ट्री अनिवार्य से बनाएं। नक्शा तरमीम के प्रकरण दर्ज करें और आगामी कार्यवाही करें। नक्शा तरमीम में कार्य फील्ड पर दिखना चाहिए। परम्परागत रास्तों को चिन्हित करें और उनमें अगर कोई समस्या है, तो उसका समाधान करें। इसके साथ ही कलेक्टर ने नक्शा तरमीम, रिकॉर्ड सुधार, नामांतरण, सीमांकन, बटवारा, स्वामित्व योजना के कार्यों की समीक्षा की। बैठक के दौरान सीईओ जिला पंचायत श्री राजेश कुमार जैन, मंदसौर एसडीएम, तहसीलदार, पटवारी मौजूद थे।

## महिला को पीटा, पति व सास पर प्रकरण दर्ज

**पिपलियामंडी, 27 नवंबर गुरु एक्सप्रेस।** महिला ने पति व सास के खिलाफ मारपीट का केस दर्ज कराया। बोतलगंज निवासी मुस्कान ने पिपलियामंडी थाने पर शिकायत दर्ज कराई कि मेरी शादी 4 वर्ष पूर्व हुई थी, मेरे एक बेटा व बेटी है। मेरी सास आमना व पति अख्तर आए दिन घरेलू कामकाज को लेकर टोकते रहते है। खाना समय पर नही बनाने की बात पर सास आमना ने गालियां दी व मारपीट की, वहीं पति अख्तर ने भी हाथ, मुक्कों व लकडी से पीटा, जिससे चोंट आई।

## महिला को पीटा, 3 पर केस दर्ज

**पिपलियामंडी, 27 नवंबर गुरु एक्सप्रेस।** मारपीट के मामले में पुलिस ने पति, जेठानी व भतीजे के खिलाफ केस दर्ज किया। हाथीबोलिया निवासी मंगलीबाई पति दशरथ बगारी ने नाहरगढ थाने पर शिकायत दर्ज कराई कि घरेलू विवाद को लेकर पति दशरथ ने गाली-गलौज कर मारपीट की, इसी दौरान भंवरीबाई व भतीजे भोला ने भी गाली-गलौज की व पत्थर से सिर पर मारी, जिससे चोंटे आई। पुलिस ने तीनों आरोपियों पर केस दर्ज किया।

## दुर्घटना में कार ड्राइवर पर प्रकरण दर्ज

**पिपलियामंडी, 27 नवंबर गुरु एक्सप्रेस।** दुर्घटना के मामले में पुलिस ने केस दर्ज किया। जानकारी के अनुसार 24 नवम्बर 2024 को मुन्देड़ी फन्टे पर कार (एमपी 13 सीसी 9285) के ड्राइवर ने तेज व लापरवाहीपूर्वक चालकार बाइक सवार पिपलियामंडी निवासी विशाल सेन को टक्कर मार दी थी, जिसे मंदसौर जिला अस्पताल भर्ती कराया था। विशाल की बहन मल्हारगढ़ निवासी भारती पति दिनेश सेन ने पिपलिया थाने पर शिकायत दर्ज कराई कि कार की टक्कर से घायल मेरे भाई विशाल को अभी तक होश नही आया है। पुलिस ने कार ड्राइवर के खिलाफ केस दर्ज किया।

## आज पशुपतिनाथ महादेव मेला में पवनदीप राजन प्रस्तुति देंगे

**मंदसौर, 27 नवंबर गुरु एक्सप्रेस।** नपाध्यक्ष श्रीमती रमादेवी बंशीलाल गुर्जर, उपाध्यक्ष श्रीमती नम्रता प्रीतेश चावला, मेला सभापति श्रीमती भावना जयप्रकाश पमनानी, सीएमओ सुधीर कुमारसिंह, मेला अधिकारी पी.एस. धारवे ने बताया कि आज दिनांक 28 नवम्बर गुरूवार को रात्रि 8.30 बजे से देर रात्रि तक नगरपालिका द्वारा भगवान श्री पशुपतिनाथ महादेव मेला के सांस्कृतिक रंगमंच पर देश के सुप्रसिद्ध पार्श्वगायक पवनदीप राजन अपनी प्रस्तुति देंगे। पवन दीप राजन देश के प्रसिद्ध टीवी चैनल में इंडियन आइडल कार्यक्रम के प्रतिभागी रहे है। वह नपा के आमंत्रण पर मंदसौर पधार रहे है। नगर व जिले के नागरिकों से नगर पालिका परिषद आग्रह करती है कि वे इस कार्यक्रम में शामिल होवे।

## आपराधिक पृष्ठभूमि के नेताओं को जिला व मंडल अध्यक्ष नहीं बनाएगी भाजपा

**भोपाल, 27 नवंबर गुरु एक्सप्रेस।** मध्य प्रदेश में संगठन चुनाव के तहत दिसंबर में भाजपा के मंडल और जिला अध्यक्ष बना दिए जाएंगे। चुनाव दो चरणों में होंगे। इसकी तैयारी के लिए बुधवार शाम प्रदेश कार्यालय में कार्यशाला आयोजित की जाएगी।

पार्टी संगठन ने केंद्रीय नेतृत्व की तय गाइडलाइन के तहत कार्ययोजना बनाई है। जिन पर आर्थिक और आपराधिक प्रकरण दर्ज हैं, ऐसे नेताओं को जिला और मंडल अध्यक्ष नहीं बनाया जाएगा। ऐसे नेता संगठन चुनाव में ही हिस्सा नहीं ले सकेंगे।

**आयुसीमा तय–** वहीं, मंडल और जिला अध्यक्ष के लिए क्रमश: 40 और 60 वर्ष की आयु सीमा भी निर्धारित की गई है, यानी पार्टी युवा और वरिष्ठता दोनों ही श्रेणी के नेताओं को अवसर देगी। इसी तरह, अपने चहेतों को मंडल और जिला अध्यक्ष बनाने के लिए सांसद, विधायक या मंत्री की अनुशंसा भी नहीं चलेगी। इसको लेकर पार्टी संगठन ने पहले ही गाइड लाइन तय कर दी है।

**कार्यशाला में ये रहेंगे उपस्थित–** भाजपा के प्रदेश महामंत्री भगवानदास सबनानी ने बताया कि बुधवार को होने वाली कार्यशाला को पार्टी के राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिवप्रकाश, पार्टी राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सरोज पांडे, प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा, क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल, प्रदेश प्रभारी डा. महेंद्र सिंह एवं प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद संबोधित करेंगे। कार्यशाला में प्रदेश कोर कमेटी, पार्टी के प्रदेश पदाधिकारी, संभाग प्रभारी, लोकसभा एवं राज्यसभा सांसद, विधायक, जिला अध्यक्ष, जिला प्रभारी, महापौर, नेता प्रतिपक्ष, जिला पंचायत अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष व महामंत्री, प्रदेश निर्वाचन टोली, प्रदेश सक्रिय सदस्यता टोली, जिला निर्वाचन टोली, बूथ प्रबंधन जिला प्रभारी उपस्थित रहेंगे।

**बूथ समितियों के गठन की सराहना–** वहीं, मप्र के भाजपा संगठन की बूथ समितियों के गठन की शीर्ष नेतृत्व ने सराहना की है। अब पार्टी का फोकस मंडल और जिला अध्यक्ष के संगठन चुनाव पर है। हाल ही में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा की अध्यक्षता में दिल्ली में हुई बैठक में मिली गाइडलाइन के बाद प्रदेश संगठन ने यह कार्यशाला आयोजित की है। कार्यशाला के बाद पार्टी संगठन बुधनी और विजयपुर उपचुनाव को लेकर भी चर्चा करेगा।

## सरपंच पद हेतु 5 अभ्यर्थियों ने नाम दाखिल किये

**मंदसौर, 27 नवंबर गुरु एक्सप्रेस।** रिटर्निंग ऑफिसर विकासखण्ड मंदसौर के द्वारा बताया गया कि पंचायत उप निर्वाचन 2024 उत्तरार्ध के लिए ग्राम जग्गाखेड़ी में सरपंच पद हेतु 5 अभ्यर्थियों द्वारा आवेदन प्रस्तुत किये। जिसमें श्री शांतिलाल पिता बगदीराम गुर्जर, श्री ईश्वरलाल पिता किशनलाल धनगर, श्री रामप्रसाद पिता देवीलाल, श्री सत्यनारायण पिता कारूलाल गुर्जर, श्री पीकु उर्फ पिंकी के आवेदन प्राप्त हुए।

## जपं सदस्य भानपुरा के लिए 5 अभ्यर्थियों ने नाम दाखिल किये

**मंदसौर, 27 नवंबर गुरु एक्सप्रेस।** रिटर्निंग ऑफिसर अधिकारी जनपद पंचायत भानपुरा द्वारा बताया गया कि पंचायत उप निर्वाचन 2024 उत्तरार्ध के लिए जनपद पंचायत भानपुरा सदस्य हेतु 5 अभ्यर्थियों द्वारा आवेदन प्रस्तुत किये। जिसमें कन्हैयालाल पिता बद्रीलाल, नरेन्द्र पिता रामकिशन धाकड़, पुरालाल पिता मांगीलाल सेन, वीरेन्द्र सिंह पिता मदनसिंह हाडा, श्यामसिंह पिता नारायणसिंह के आवेदन प्राप्त हुए।



## कलेक्टर ने आफिसर क्लब, युवराज क्लब एवं नूतन स्टेडियम का निरीक्षण किया

**मंदसौर, 27 नवंबर गुरु एक्सप्रेस।** कलेक्टर श्रीमती अदिती गर्ग ने ऑफिसर क्लब, युवराज क्लब एवं नूतन स्टेडियम खेल मैदान का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान वहा की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। ऑफिसर क्लब की व्यवस्थाओं को सुधारने के लिए नगर पालिका एवं पीडब्ल्यूडी विभाग को आवश्यक निर्देश प्रदान किए। युवराज क्लब निरीक्षण के दौरान बैडमिंटन कोर्ट, टेनिस कोर्ट, टेबल टेनिस कोर्ट, इंडोर आउटडोर गेम कोर्ट को देखा। क्लब के लिए बेहतर प्लान क्या किया जा सकता है, इस संबंध में सदस्यों को कहा कि, अच्छे अच्छे सुझाव प्रदान करे। बेहतर से बेहतर प्लान बनाएं। क्लब से बच्चे अधिक से अधिक जुड़े इसके लिए बच्चों को जागरूक करें।खेल गतिविधियों के लिए प्रेरित करें। समय-समय पर खेल गतिविधियां अच्छे से आयोजित हो, इसके लिए कोच भी नियुक्त करें। नूतन स्टेडियम निरीक्षण के दौरान निर्देश दिए कि एसोसिएशन की बैठक आयोजित करें।

## कसौटी पर खरे नहीं उतरे तो कांग्रेस से पदाधिकारियों की होगी छुट्टी, त्रैमासिक होगा मूल्यांकन

**भोपाल, 27 नवंबर गुरु एक्सप्रेस।** लंबी उहापोह के बाद मध्य प्रदेश कांग्रेस कार्यसमिति का गठन हो चुका है। सभी पदाधिकारियों को दायित्व भी मिल गया है। अब कांग्रेस पार्टी की प्रदेश इकाई ने तय किया है कि इन सबके कामों का त्रैमासिक मूल्यांकन किया जाएगा। सभी पदाधिकारियों को प्रतिमाह अपने कामकाज का ब्यौरा प्रदेश कांग्रेस को देना होगा। इसमें दौरे, बैठकों और कार्यक्रमों की जानकारी रहेगी। वहीं, जिला और ब्लॉक इकाइयों से भी प्रदेश पदाधिकारियों की गतिविधियों का फीडबैक लिया जाएगा। इसके आधार पर मूल्यांकन होगा। जो भी कसौटी पर खरा नहीं उतरेगा, उसकी छुट्टी करने का इरादा है।

**विरोध के बाद साधा संतुलन–** यहां पर यह बता दें कि कांग्रेस ने पहले छोटी कार्यसमिति बनाने का निर्णय लिया था। इसके हिसाब से 17 उपाध्यक्ष और 71 महासचिव बनाए गए। विरोध के स्वर उभरे तो 84 सचिव और 36 संयुक्त सचिव नियुक्त करके संतुलन साधने का प्रयास किया गया। महासचिवों को जिले का प्रभारी बनाया गया है और उनका सहयोग करने के लिए सचिव और सह सचिवों को सह प्रभारी बनाया है।

**जिलों का करना होगा दौरा–** इन्हें निर्देश दिए गए हैं कि सबको माह में कम से कम एक बार प्रभार के जिले का दौरा करना होगा। जिला और ब्लॉक कांग्रेस पदाधिकारियों के साथ बैठक करके संगठन की गतिविधियों की समीक्षा करनी होगी। कांग्रेस द्वारा दिए जाने वाले कार्यक्रमों का नेतृत्व करने के साथ उसकी रिपोर्ट भी प्रदेश मुख्यालय को देनी होगी। इसके आधार पर कामकाज का त्रैमासिक मूल्यांकन होगा। संगठन के कामों में रुचि न दिखाने वाले निष्क्रिय पदाधिकारियों की छुट्टी कर दी जाएगी। इनके स्थान पर युवा नेताओं को मौका दिया जाएगा। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी का कहना है कि सभी के कामकाज का मूल्यांकन करेंगे। सबका मकसद संगठन को मजबूत बनाना है। इसके लिए यह व्यवस्था बनाई गई है।

**जिलों में होंगे प्रशिक्षण–** पार्टी ने यह भी तय किया है कि संगठन को हर स्तर पर सक्रिय किया जाएगा। जिलों में प्रशिक्षण शिविर आयोजित किए जाएंगे। इसमें बूथ स्तर तक के कार्यकर्ताओं को आमंत्रित किया जाएगा। प्रशिक्षण विभाग द्वारा पार्टी की रीति-नीति और कार्यक्रम बताए जाएंगे। इसके साथ ही भाजपा सरकार की वादाखिलाफी को मुद्दा बनाकर प्रदर्शन भी किए जाएंगे।



## 108 एंबुलेंस में प्रसव के दौरान महिला ने दिया स्वस्थ बालिका को जन्म

**मंदसौर, 27 नवंबर गुरु एक्सप्रेस।** मंदसौर जिले के शामगढ़ तहसील के अंतर्गत गांव खाईखेड़ा निवासी श्रीमती पुजा पति श्री ईश्वर व्यास उम्र 23 साल को प्रसव पीड़ा होने पर टोल फ्री नंबर 108 पर जानकारी दी। जिसकी सूचना मिलते ही थाना गांधी सागर कि एम्बुलेंस महिला को लेने तुरंत खाईखेड़ा के लिए रवाना हुई। महिला को एंबुलेंस में शिफ्ट किया और शामगढ़ के लिए निकल पड़ी, परंतु बीच रास्ते में खाईखेड़ा और आकली दिवान के बीच महिला को प्रसव पीड़ा अधिक होने लगी जिसको देखकर एंबुलेंस में तैनात इमरजेंसी मेडिकल टेक्नीशियन अनिल प्रजापति एवं पायलेट जितेन्द्र गोयल द्वारा गाड़ी रास्ते में रोक कर डिलीवरी कराने का निर्णय लिया गया। महिला ने एक स्वस्थ बालिका को जन्म दिया। महिला एवं बालिका दोनों स्वस्थ हैं दोनों को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रशामगढ़ में सुरक्षित भर्ती कराया गया। महिला एवं परिजनों ने 108 सेवाओं की सराहना की।

## जमीन विवाद में जानलेवा हमला, 3 पर मामला दर्ज

**पिपलियामंडी, 27 नवंबर गुरु एक्सप्रेस।** जमीन विवाद को लेकर जानलेवा हमले के मामले में पुलिस ने तीन आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया। मल्हारगढ़ निवासी अकील ने मल्हारगढ़ थाने पर शिकायत दर्ज कराई कि जावरा निवासी फरीद व उसके बेटे सलमान, सोहेल बोलेरो में तीन चार व्यक्ति को लेकर अ ाए और मेरी नानी नूरजहां के साथ मारपीट की व लोहे की राड से हमला किया। तीनों बोले की अकील हमारी जावरा वाली जमीन पर कब्जा मांग रहा है, उसे जिंदा दफन कर देंगें। पुलिस ने मारपीट करने वाले पिता-पुत्रों के अलावा अन्य लोगों पर भी केस दर्ज किया।

## जमीन विवाद में पीटा, पिता-पुत्रों पर मामला दर्ज

**पिपलियामंडी, 27 नवंबर गुरु एक्सप्रेस।** जमीन विवाद में मारपीट के मामले में पुलिस ने पिता-पुत्रों के खिलाफ केस दर्ज किया। काचरिया चन्द्रावत निवासी अर्जुन गायरी ने पिपलिया चौकी पर शिकायत दर्ज कराई कि परिवार के लोगे खेत पर एकत्रित हुए थे, इसी दौरान मेरे बड़े पापा प्रभुलाल, उनके बेटे राजमल व मंगल ने गालियां दी व पत्थर की सिर पर मार दी, जिससे चोंट आई। तीनों ने लात-घुसों से पीटा। पुलिस ने तीनों के खिलाफ केस दर्ज किया।

## अवैध शराब सहित पकड़ा

**पिपलियामंडी, 27 नवंबर गुरु एक्सप्रेस।** पुलिस ने शराब सहित आरोपियों को पकड़ा। मल्हारगढ़ पुलिस ने 16 क्वार्टर के साथ लसुडिया कदमाला निवासी कन्हैयालाल पिता माधुलाल को, पिपलियामंडी पुलिस ने 16-16 क्वार्टर शराब के साथ सूपड़ा निवासी राहुल पिता बाबूलाल व उगरान निवासी श्रवण पिता भेरुलाल को पकड़ा। आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट में केस दर्ज किया।

## कलेक्टर ने राष्ट्रीय नवजात शिशु सप्ताह का किया शुभारंभ

### जिले में राष्ट्रीय नवजात शिशु सप्ताह के अंतर्गत 30 तक होंगे आयोजन

**मंदसौर, 27 नवंबर गुरु एक्सप्रेस। कलेक्टर श्रीमती अदिती गर्ग द्वारा जनपद पंचायत मल्हारगढ़ सभागृह से राष्ट्रीय नवजात शिशु सप्ताह का शुभारंभ किया गया। राष्ट्रीय नवजात शिशु सप्ताह 30 नवंबर तक जिले में आयोजित किया जाएगा। जिसमें विभिन्न कार्यक्रम स्वास्थ्य संस्थाओं, ब्लॉक एवं ग्राम स्तर पर जागरूकता के संबंध में आयोजित किए जाएंगे। कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक श्री अभिषेक आनंद, सीईओ जिला पंचायत श्री राजेश जैन एवं डाक्टर मौजूद थे।**

शुभारंभ एवं जागरूकता कार्यशाला में कलेक्टर श्रीमती अदिती गर्ग द्वारा कहा गया कि नवजात शिशुओं को संपूर्ण टीकाकरण अवश्य कराये, जिससे बच्चों में बीमारियों से लड़ने की क्षमता पैदा होती है। आशा कार्यकर्ता गृह भेट के दौरान गर्भवती एवं धात्री माताओ को 6 माह तक स्तनपान के फायदे जरूर बताएं तथा 6 माह बाद उपरी आहार की शुरुआत कैसे करें। निमोनिया से बचाव एवं जागरूक करने के लिए पोस्टर एवं लीफलेट का विमोचन किया गया। सभी स्वास्थ्य संस्थाओ में निमोनिया बचाव के पोस्टर लगाकर प्रसूता महिलाओं एवं परिजनों को जागरूक करें।शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ.अनिल पामेचा ने बताया कि नवजात शिशुओं में एंटी माइक्रोबियल प्रतिरोध (एएमआर) को रोकने के लिए एंटीमाइक्रोबियल का उचित उपयोग करें। अनावश्यक एंटीबायोटिक दवाइयां न ली जाए। जिससे मानव शरीर पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ते हैं। शिशुओं में निमोनिया कैसे पनपता है इस संबंध में भी जानकारी दी गई जिससे बचने के उपाय बताए गए।

## जिले में 14901 मैट्रिक टन से अधिक उर्वरक उपलब्ध

**नीमच, 27 नवंबर गुरु एक्सप्रेस।** जिले में कलेक्टर श्री हिमांशु चन्द्रा के प्रयासों से पर्याप्त मात्रा में उर्वरक की उपलब्धता सुनिश्चित कर ली गई है। वर्तमान में जिले में 14901 मैट्रिक टन उर्वरक उपलब्ध है। यूरिया 6644.80 मैटिक टन, डी.ए.पी. 2259.2 मैटिक टन, एम.ओ.पी. 1415.6 मैटिक टन, एन.पी.के.एस. 1500.15 मैटिक टन एवं एस.एस.पी. 3081.22 मैटिक टन उर्वरक का स्टॉक उपलब्ध है।

रबी सीजन में 1 अक्टूबर 2024 से अब तक 34892.16 मैटिक टन उर्वरक का विक्रय जिले के किसानों को किया जा चुका है। इसमें यूरिया 14864.85 मैटिक टन, डी.ए.पी. 2490.24 मैटिक टन, एम.ओ.पी. 1506 मैटिक टन, एन.पी.के.एस. 6206.17 मैटिक टन एवं एस.एस.पी. 9824.9 मैटिक टन उर्वरक किसानों को उपलब्ध कराया गया है। रबी सीजन में आज दिनांक तक जिले को 49793.39 मैटिक टन उर्वरक प्राप्त हुआ है। इसमें यूरिया 21509.65 मैटिकटन, डी.ए.पी. 4749.44 मैटिक टन, एम.ओ.पी. 2921.6 मैटिक टन, एन.पी.के.एस. 7706.32 मैटिक टन एवं एस.एस.पी. 12906.36 मैटिक टन उर्वरक रबी सीजन में जिले को प्राप्त हो चुका है। उपसंचालक कृषि श्री भगवान सिंह अर्गल ने बताया, कि जिले में पर्याप्त मात्रा में उर्वरक का स्टॉक उपलब्ध होकर किसानों को प्रदाय किया जा रहा है। जिले में उर्वरक की कोई समस्या नहीं है। रबी 2024-25 में अनुमानित 56500 मैटिक टन उर्वरक की मांग प्रस्तावित है। इसमें यूरिया 31000 मैटिक टन, डी.ए.पी. 5000 मैटिक टन, एम.ओ.पी. 1500 मैटिकटन, एन.पी.के.एस. 7000 मैटिक टन, एस.एस.पी. 12000 मैटिक टन उर्वरक की मांग रबी सीजन में अनुमानित है। उसके अनुपात में जिले में पर्याप्त उर्वरक उपलब्धि है और शासन स्तर से जिले को उर्वरक की आपूर्ति निरंतर की जा रही है।

## मंडल अध्यक्षों के लिए न दबाव... पेज 1 से जारी

के आधार पर होते हैं और कहीं-कहीं सर्वसम्मति भी बन जाती है। फिलहाल चुनाव की जो तारीखें आई हैं। उसके अनुसार 1 दिसंबर से 15 दिसंबर तक मंडल अध्यक्षों का चुनाव होना है। इसके बाद 16 नवम्बर से 30 नवम्बर तक जिलाध्यक्षों के चुनाव भी करवा लिए जाएंगे।


**न्यायालय तहसीलदार तहसील मंदसौर (ग्रामीण) जिला मंदसौर (म.प्र.)**

(ब मामले वाद धारा-म.प्र.भू राजस्व संहिता)

ईशु नं-1619/21.11.2024

****** उद्घोषणा ******

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक मंदसौर जिला ग्रामीण शिक्षा समिति के द्वारा ग्राम नौगांवा तहसील मंदसौर स्थित भूमि सर्वे नंबर 223/1 रकबा 5.534 हेक्टयर भूमि पर विद्यालय भवन निर्माण किये जाने का निवेदन किया गया है। प्रस्तुत आवेदन पर कार्यवाही/प्रतिवेदन हेतु न्यायालय में कार्यवाही जारी है।

अत:एव उपरोक्त के संबंध में जिस किसी को आपत्ति हो विज्ञप्ति चस्पा होने के दिन से 15 दिनों के अंदर अपनी आपत्ति पटवारी ग्राम नौगांवा अथवा न्यायालय तहसीलदार तहसील मंदसौर (ग्रामीण) में प्रस्तुत करें। अवधि गुजरने के बाद किसी की आपत्ति मान्य नहीं होगी।

आज दिनांक 21.11.2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

पेशी दिनांक-05.12.2024

तहसीलदार
तहसील मंदसौर (ग्रामीण)



**राजकुमार गुप्ता, एडव्होकेट**

कार्यालय व निवास-207 तिरूपति नगर, होटल सम्राट के सामने पानी की टंकी के पास स्टेशन रोड, मंदसौर (मप्र)-458001Mobile No-98260-58658 E-Mail-rkguptamds@gmail.com

क्रमांक 74/2024 दिनांक 27.11.2024

***** जाहिर सूचना *****

सर्व साधारण को इस जाहिर सूचना के माध्यम से सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार द्वारा कारूलाल पिता मांगीलाल, जाति माली, निवासी ग्राम गुर्जर बर्डिया, तहसील व जिला-मन्दसौर से आवासीय भूखंड जो भूमि भवन क्रमांक 857, संपत्ति क्रमांक 972, पर दर्ज होकर, ग्राम-गुर्जर बर्डिया, तहसील व जिला-मन्दसौर उनके हक और हिस्से का स्वत्व त्याग विधिवत रजिस्टर्ड, स्वत्व त्याग विलेख ई-स्टाम्प कोड क्र. 01011525112024002565, दिनांक 25.11.2024 से मेरे, पक्षकार सुमनबाई पति कारूलाल, जाति-माली, निवासी ग्राम गुर्जर बर्डिया, तहसील व जिला-मन्दसौर के पक्ष में उप पंजी कार्यालय मन्दसौर में करवाया गया है। उक्त मकान की' चतुर्सीमा व पैमाईश निम्नानुसार है:-

पूर्व में-मंदिर, पश्चिम में-आम रास्ता, उत्तर में-जगदीश मोडीराम का मकान, दक्षिण में-जगदीश व भुवानीराम का मकान, पैमाईश रकबा- 132 वर्ग मीटर

उक्त सम्पत्ति पर मेरे पक्षकार द्वारा INDIAN SHELTER FINANCE, CORPORATION LIMITED, Branch Mandsaur से ऋण प्राप्त करने हेतु आवेदन प्रस्तुत कर दिया है, यदि किसी भी व्यक्ति, संस्था, बैंक आदि का भार बोझ आदि उक्त सम्पत्ति पर हो तो इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 07 दिवस के अन्दर मेरे कार्यालयीन समय में लिखित में मय प्रमाण के आपत्ति प्रस्तुत करें, वरना बाद गुजरने, मियाद किसी प्रकार की कोई आपत्ति मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं होगी जो सूचित हो।

भवदीय
राजकुमार गुप्ता, एडवोकेट मन्दसौर


स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, प्रकाशक, मुद्रक आशुतोष नवाल के लिए गुरु मीडिया एण्ड इंटरटेनमेन्ट कम्पनी, शक्ति नगर मन्दसौर से मुद्रित एवं 77 लक्ष्मीनगर, वेदान्त विहार मन्दसौर से प्रकाशित। (हर प्रकार के विवाद का न्याय क्षेत्र मन्दसौर रहेगा) संपादक– आशुतोष नवाल RNI-MPHIN2006/20356
समाचार पत्र में छपे विज्ञापनों के लिए समाचार पत्र उत्तरादायी नहीं है एवं विज्ञापनो में प्रकाशित विचार विज्ञापनदाता की निजी राय है। इससे समाचार पत्र का कोई संबंध नहीं है। फोन 495831, मो. 9425105927,28 ashugurumds@gmail.com, ashu_guru2@yahoo.co.in